

लॉकडाउन पर चैकिंग करते हुए पुलिसकर्मी।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोफेसर अनुपमा सैनी कोरोना पॉजिटिव

**संवाददाता** देहरादून। श्री गुरु राम राय डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर अनुपमा सैनी कोरोना पॉजिटिव पाई गई है उन्हें दून अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। यहां मिली जानकारी के अनुसार गुरु राम राय डिग्री कॉलेज के सभी अध्यापक और छात्र जो हरेला पर्व 16 जुलाई को कॉलेज में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल थे वह सभी सकते में हैं क्योंकि अनुपमा सैनी कॉलेज में सभी सहकर्मियों के साथ ही छात्रों के बीच में इस कार्यक्रम में भी उपस्थित थी और अब सभी दशहत में है। उल्लेखनीय है कि इस घटना के बाद कालेज प्रशासन में भी भय का वातावरण बन गया है।

### राशन की दुकाने बंद कर मीट और शराब की दुकाने खोली, चिंताजनक

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पंडित मनीष गौनियाल ने कहा है कि एक ओर आवश्यक सेवाओं आटा, दाल, चावल व सब्जी की दुकानें लॉकडाउन में बंद कर दी है और दूसरी ओर मीट, मछली व शराब की दुकानें खोल दी गई है जो चिंताजनक है। इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में दून मे मांस, मछली एवं मदिरा की दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई है और वहीं दूसरी ओर आटा, दाल, चावल की दुकानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है जो चिंताजनक है।

### शाल के पेड़ों को कटवाने की मांग, डीएफओ को पत्र

**संवाददाता** देहरादून। ग्राम सभा कोटड़ा संतोर धोलास मुख्य मार्ग पर शाल के जर्जर पेड़ों को काटे जाने की मांग को लेकर समाजसेवी आकाश जोशी अक्कू ने डीएफओ को पत्र लिखा है और कहा कि इस पर त्वरित कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि ग्रामसभा कोटड़ा संतोर धोलास मुख्य मार्ग पर शाल का पेड़ जिसकी जड़ से मिट्टी ढह गई है के कारण पेड़ बहुत जर्जर स्थिति में है।

### ग्लेनमार्क ने हाइपरटेंशन अवेयरनेस सिंबल लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स, एक शोध–नेतृत्व वाली, एकीकृत वैश्विक दवा कंपनी, ने आज एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) और हाइपरटेंशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (एचएसआई) के सहयोग से दुनिया का पहला उच्च रक्तचाप जागरूकता प्रतीक लॉन्च किया। उच्च रक्तचाप के बढ़ते बोझ और समय पर जांच की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए देश में 50,000 प्रमुख डॉक्टरों के परामर्श से प्रतीक विकसित किया गया है।

# कोविड–19 से लड़ाई में समय पर रेस्पोंस सबसे महत्वपूर्ण

**निर्देश**

- बीमारी के प्रति संवदेनशील लोगों की सतत जानकारी रखी जाए
- संक्रमित व्यक्ति के ईलाज और उसके सम्पर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग में न देरी न हो
- गणमान्य लोगों और धार्मिक गुरूओं का सहयोग लिया जाए

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से प्रदेश में कोविड–19 की समीक्षा करते हुए कहा कि सेम्पलिंग और टेस्टिंग में लगातार वृद्धि हुई है। इसे और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। सर्विलांस में जिलों ने अच्छा काम किया है। सर्विलांस में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त रहने वालों के बारे में पूरी जानकारी जुटाई जाए। हमारे फ्रंटलाईन वर्करों को लगातार प्रोत्साहित करें। उनको हर जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ये सुनिश्चित कर लिया जाए कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए स्वीकृत की गई प्रोत्साहन राशि उनके खातें में चली गई है।



**धार्मिक उत्सवों के अवसर पर भीड़ न जुटे, धर्मगुरूओं का लें सहयोगः** मुख्यमंत्री ने कहा कि समय–समय पर धार्मिक त्यौहार, उत्सव और स्थानीय मेले होते हैं। इनमें लोगों की भीड़ न हो, इसके लिए समाज के गणमान्य लोगों और धार्मिक गुरूओं का सहयोग लिया जाए। मेलों और उत्सवों के आयेजकों को भी बातचीत से विश्वास में लें और कोविड–19 के लिए निर्धारित प्रोटोकाल का पालन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी देखने में आया है कि राज्य में आए कुछ पर्यटक, कोविड–फ्री का फर्जी प्रमाणपत्र लेकर आए। पर्यटकों द्वारा निगेटिव कोरोना जांच संबंधी प्रमाण पत्रों की पुख्ता चेकिंग की जाए। परंतु यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पर्यटकों को इससे परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को राज्य में लौटे प्रवासियों का ग्राम पंचायत वार विवरण संकलन करने के निर्देश दिए। इससे इन लोगों के लिए योजनाएं बनाने में और आसानी होगी। वासुकीताल में ट्रेकरों के लापता होने की घटना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेकरों का अनिवार्य पंजीकरण किया जाना चाहिए। ऐसा मैकेनिज्म बनाया जाए ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर ने काशीपुर और बाजीपुर में एक साथ अनेक मामले आने पर की गई कार्यवाही पर प्रस्तुतिकरण दिया। वीडियो कान्फ्रेसिंग में डीजी लॉ एंड आर्डर श्री अशोक कुमार, सचिव श्री शैलेश बगोली, आयुक्त गढ़वाल श्री रविनाथ रमन, आयुक्त कुमायूं श्री अरविंद सिंह ह्यांकि, डा. पंकज कुमार पाण्डेय, आई जी गढ़वाल श्री अभिनव कुमार, आई जी श्री संजय गुन्ज्याल सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी और जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### कोविड–19 के लिए सारे संसाधन उपलब्धः सचिव स्वास्थ्य

सचिव स्वास्थ्य अमित सिंह नेगी ने प्रदेश में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में कोविड–19 के दृष्टिगत तैयारियों में कोई कमी नहीं है। सारे आवश्यक संसाधन जिलों को उपलब्ध करवाए गए हैं। जांच के लिए ट्रूनेट मशीनें दी गई हैं। जल्द ही कुछ और इस प्रकार मशीनें दे दी जाएंगी। जिलाधिकारी इन मशीनों का उपयोग भी पूरी क्षमता के साथ करें। सभी जिलों के एंटीजन किट भी उपलब्ध करवाए गए हैं। ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार के टेस्टिंग बढ़ाने की जरूरत है। कोविड केयर सेंटर में मानकों के अनुरूप आक्सीजन सपोर्ट की व्यवस्था कर ली जाए। कार्मिकों की आवश्यकता होने पर जिलाधिकारी अपने स्तर पर आउटसोर्स पर रख सकते हैं। कान्टेक्ट ट्रेसिंग के लिए आरोग्य सेतु और एनआईसी के ''इतिहास'' एप का उपयोग भी किया जा सकता है।

# शराब पीने निकला हूं साहब...

**लॉकडाउन**

- शराब एवं मीट की दुकानें भी रही खुली

देहरादून। **संवाददाता**

शनिवार और रविवार का लॉकडाउन एक बार प्रदेश के चार जिलों आज से शुरू हो गया है और यह प्रक्रिया आने वाले समय तक जारी रहेगी ओर इसके लिए जिलाधिकारियों ने आदेश जारी कर दिये है, लेकिन यहां पर यह उल्लेखित करना आवश्यक हो गया है कि जहां किराना की दुकानें पूर्णतया बंद है ओर वहीं दूसरी ओर शराब की दुकानों को खोल दिया गया है।

सुबह सात बजे से ही प्रदेश की राजधानी देहरादून में पुलिस सक्रिय नजर आए। शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर सुबह से ही पुलिस ने नाकेबंदी कर चौकिंग का अभियान छेड़ दिया गया। इस दौरान पुलिस दोपहिया चालकों के साथी दुपहिया वाहन चालकों से भी घरों से बाहर निकलने का कारण पूछने के बाद ही उन्हें जाने दे रही है। इस अवसर पर दिलाराम बाजार चौक से लेकर घंटाघर, दर्शनलाल चौक, प्रिंस चौक, सहारनपुर चौक, बल्लूपुर चौक, बल्लीवाला चौक, कांवली रोड, पटेलनगर चौक, सर्वे चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर पुलिस मुस्तैदी के साथ चौकिंग करती हुई नजर आई। इस दौरान आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को ही खुलने की अनुमति प्रशासन की ओर से दी गई है और वहीं दूसरी ओर शराब की दुकानों को भी आज खुला रखा गया है । कुछ कुछ दुकानों पर लोगों की भीड़ भी देखने को मिली और एक व्यक्ति को जब पुलिस ने रोका तो उसने बतााया कि साहब उसकी शराब पीछे की इच्छा हुई तो वह शराब को खरीदने आ गया और ऐसे में किस आधार पर उस रोका गया तो बाद में पुलिस ने सोच विचार करते हुए उस व्यक्ति को वापस घर जाने दिया गया।

इसी प्रकार एक व्यक्ति को रोककर पूछा गया कि वह वह लॉकडाउन में क्यों घूम रहा है तो उसने कहा कि घरवालों ने मीट खाने की इच्छा जाहिर की है और वह अजबपुर से बेनी बाजार स्थित मीट की दुकान से ही मीट लेने के लिए आया है।

**प्रशासन ने आदेश जारी किए**

शनिवार को केवल दवाओं की दुकानें, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी डेरी, दूध, दही आपूर्ति की दुकानें, होम डिलीवरी, मीट, मछली की दुकान, फल सब्जी, शराब, होटल, बेकरी, स्वास्थ्य, पेयजल विभाग आदि खुले रहे। वहीं दूसरी ओर दून जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर दिये हे और दून में शराब की दुकानें खुली रही और लोगों ने खरीददारी की।

### शराब की दुकानों को आवश्यक सेवा मानते हुए दी गई छूटः कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने राज्य सरकार की उस निर्णय पर हैरानी व्यक्त की है जिसमें सरकार ने देहरादून सहित चार जिलों में संपूर्ण लॉकडाउन के दौरान शराब की दुकानों को आवश्यक सेवा में मानते हुए लॉकडाउन में छूट दी है।

लालचंद शर्मा ने कहा कि एक तरफ तो सरकार ने राशन की दुकानों को भी बंद रखने के आदेश दिए हैं तथा अपने आवश्यक कामो से दो पहिया वाहनों पर जा रहे लोगो को भी रोक रही है और वहीं शराब की दुकानों को छूट देकर क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इससे ऐसा लगता है राज्य सरकार को शराब माफिया चला रहे हैं अन्यथा ऐसी कौन सी आफत आजाएगी अगर दो दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी। लालचंद शर्मा ने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है राज्य की भाजपा सरकार को जनता की कम अपने राजस्व की अधिक चिंता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।